अमर उजाला 25/02/2026

बैडमिंटन स्पर्धा में अंकित प्रथम और तरनवीर द्वितीय

बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता। संस्थान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अंकित ने प्रथम, तरनवीर ने द्वितीय, नरेश ने तृतीय और गुंजीत ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। अंपायर डॉ. सुरजीत की देखरेख में मैच खेले गए।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन किसी भी संस्थान की प्रगति के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी खेल गतिविधियां कर्मचारियों के बीच आपसी तालमेल, सकारात्मक ऊर्जा और कार्य कुशलता को बढ़ाती हैं। इसके साथ ही शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष सह-प्राध्यापक ब्रिजेश गुप्ता ने कहा कि खेल केवल हार-जीत का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और टीम भावना का सशक्त साधन है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे नियमित आयोजनों की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसएस. नैन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संवाद